



## एक नजर

### युवा आजसू रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन 4 को

**रांची।** हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में रविवार को रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में रांची महानगर के विभिन्न वार्ड के युवा आजसू के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मौके पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो सभी प्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही आगे के कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा भी होगी। रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद सुदेश कुमार महतो पार्टी कार्यालय, बुंडू में आयोजित मिलन समारोह में शामिल होंगे।

### एंटी क्राइम चेकिंग में चोरी की स्कूटी के साथ एक गिरफ्तार

**रांची।** एंटी क्राइम चेकिंग में चुटिया थाने की पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। आरोपी दीपक कुमार हटिया तालाब के पास रहता है। पुलिस के अनुसार चुटिया रेलवे स्टेशन के पास एक अगस्त को जांच चल रही थी। तभी पुलिस टीम ने एक स्कूटी सवार को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा। इस पर उसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। जांच में पता चला कि स्कूटी चोरी है।

### घर का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी की चोरी

**रांची।** थाना क्षेत्र के जोरार पटियादोन की मोनू कुमारी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने कीमती सामान और नकदी चुरा ली। इस मामले में मोनू कुमारी ने नामकुम थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। थाने में दिए आवेदन में मोनू ने बताया है कि वह अपने घर में ताला लगाकर मायके गई थी। लौटने पर देखा कि हाल में लगा एमआई का 43 इंच का टीवी, 47 हजार रुपये नगद और अलमारी में रखे दो सोने के कंगन, एक सोने की बाली और चांदी के जेवरात गायब है। थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बताया कि पीड़िता को दिए आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जल्द अपराधियों को पकड़ा लिया जायेगा।

# वर्षो बाद उफनाईं खलारी की नदियां बिजली गुल, सड़कें हुईं बदहाल



### बारिश के कारण 36 घंटे से बिजली नहीं

बारिश के कारण विगत 36 घंटे से खलारी में झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड की बिजली गुल है। बताया गया कि पतरातू से बचरा बिजली सब स्टेशन आने वाले 33 हजार ट्रांस्मीशन लाइन में ही खराबी आ गई है। शनिवार सारा दिन बिजलीकर्मी मरम्मती में लगे रहे, परंतु देर शाम तक बिजली नहीं बहाल हो सकी। उधर सीसीएल क्षेत्र में भी शुक्रवार रात 12 बजे से बिजली बाधित हो गई थी जिसे शनिवार दिन में बहाल कर लिया गया।

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** दो दिनों के लगातार बारिश से विगत कई वर्षों के बाद खलारी की नदियों में उफान आ गया। खलारी से होकर बहने वाली दामोदर, सपही व सोनाडुबी तीनों नदियों में बाढ़ आ गया। इस बारिश ने इन नदियों को पुनर्जीवित कर दिया। बाढ़ का पानी अपने वेग में नदियों की गंदगी भी बहा कर ले गया। सरकारी आदेश के कारण सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया था। वहीं आम लोग भी बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। लगातार बारिश और तेज हवा के कारण क्षेत्र में कई पेड़ गिर पड़े। कई घरों के छत से पानी टपकने लगा। भूतनगर के कई घरों में सोनाडुबी नदी का पानी घुस गया। नदी का जलस्तर कम होने पर लोग राहत की सांस लिए। तेज बारिश से जहां अच्छी व पक्की सड़कों से धूल साफ हो गयी। वहीं जर्जर सड़कों के गड्ढों में पानी भरने से गुजरने वाले लोग भ्रमित होते रहे। इधर कोयलांचल की कई सड़कों पर कीचड़ पसरने से फिसलन हो गया। किसान धान रोपनी के लिए खेत तैयार नहीं कर पाए थे उन्हें इस बारिश का खूब फायदा हुआ। ट्रैक्टर से जुताई कर रोपनी के लिए खेत तैयार किए गए।

बारिश थमते ही रूगड़ा चुनने निकली ग्रामीण महिलाएं
भारी बारिश से घने जंगलों की मिट्टी से निकले वाला रूगड़ा (मशरूम की प्रजाति) मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

### भारी बारिश से सब्जी की फसल बर्बाद

**बेड़ो।** लगातार हो रही बारिश से जहां धान की रोपनी के लिए किसानों ने राहत की सांस ली है । वहीं दूसरी ओर लगातार हो रही बारिश से सब्जी की फसल बर्बाद होने के कारण सैकड़ों किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। कड़ी मेहनत और मशक्कत के साथ बेड़ो प्रखंड के जरिया फादिलमर्चा, पुरियो, पाकलमेडी, करांजी, मासु, मुडामु, हरिहरपुर जामटोली, महरू, भसनंदा, चरिमा, खिरदा, घाघरा, नरकोपी सहित विभिन्न इलाकों में सब्जी फसल लगाने वाले मेहनतकश किसानों को लगातार हो रही बारिश ने करारा झटका दिया है। लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों में अत्यधिक जलजमाव से खेतों में लगी खड़ी फसल खासकर मूली, करेला, फूलगोभी, बंधा गोभी, अदरक, बैगन, हरी मिर्च, नेनुआ सहित अन्य सब्जी फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई। जरिया के किसान और किसान मित्र ब्रजेश कुमार महतो के 40 डिसमिल खेतों में लगी मूली की फसल बर्बाद हो गई।

### डीडीसी ने महिला सम्मान योजना के जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

**रामगढ़।** राज्य सरकार द्वारा 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपये प्रदान करने के उद्देश्य से लाई गई झारखण्ड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना प्रचार-प्रसार रामगढ़ जिले में व्यापक स्तर पर होगा। इसी उद्देश्य से शनिवार को उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने जिला समाहरणालय परिसर से जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरुकता वाहन के जरिए जिले के मधुराती क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों को झारखंड मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के लाभ के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्हें 3 से 10 अगस्त तक पंचायत भवन में झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत आवेदन पत्रों के निबंधन के लिए चलने वाले शिविर के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।

### बीडीओ व जनप्रतिनिधियों ने लापुंग के प्रभावित इलाकों का किया दौरा

# भुक्तभोगी परिवार ने मुआवजे की लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग थाना क्षेत्र के देवगांव पंचायत अन्तर्गत ताबेर खुर्द गांव में भारी बारिश से हजारों साल पुरानी एक विशालकाय बरगद का पेड़ विनोद गोप के घर एवं होटल पर गिर गया। इससे विनोद गोप को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं ताबेर खुर्द से जरिया जाने वाली मुख्य सड़क अवरूद्ध हो गई। सूचना मिलने पर बीडीओ उषा मिंज, समाजसेवी दशरथ तिर्की, पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो, मुखिया दुर्गा उरांव, समाजसेवी रामपाल भगत, प्रसिद्ध लोक कलाकार अरविंद तिवारी, मोहन विश्वकर्मा, गोरा उरांव, संतोष पांडेय सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। समाजसेवी दशरथ तिर्की एवं पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और एक बोरा चावल देकर उन्हें मदद किया। दशरथ तिर्की ने कहा कि विनोद गोप के घर का 75% हिस्सा बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। उन्होंने अंचल और प्रखंड प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है वहीं दशरथ तिर्की के पहल पर बीडीओ उषा मिंज भी ताबेर खुर्द गांव पहुंचीं और क्षतिग्रस्त घर एवं सड़क पर गिरे हुए पेड़ का जायजा लिया। बीडीओ ने बिजली विभाग के कर्मियों को फोन कर पेड़ की चपेट में आए 11 हजार वोल्ट लाइन के तार को पुनः जोड़ने तथा सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। पेड़ के गिरने से बाइक और स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घर में रखा चावल गेहूं का आटा सहित खाद्य पदार्थ भींगकर बर्बाद हो गया।

## मुखिया संघ का धरना जारी



**मांडर।** सरवा पंचायत की मुखिया प्रभा किस्पोट्टा के निलंबन को वापस लेने की मांग को लेकर मुखिया संघ, मांडर द्वारा आयोजित अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा। शनिवार को इनके समर्थन में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो और चान्हो भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष विजय महतो भी धरना स्थल पर आए। इस दौरान सन्नी टोप्पो ने कहा कि प्रभा किस्पोट्टा को गलत तरीके से निलंबित कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का गला घोंटने का काम किया गया है। सन्नी ने प्रभा किस्पोट्टा के निलंबन को लेकर मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमा उरांव के साथ झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी से मुलाकात किया। वहीं कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में एक चुनी हुई मुखिया को किस तरह से बदले की भावना से साजिश का शिकार बनाया गया है। इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध करायी है। मौके पर प्रकाश खलखो, शंकर उरांव, प्रभा किस्पोट्टा, चमरा उरांव, सुकरा उरांव, बिगी उराइंन, शांति उरांव सहित अन्य मुखियागण भी मौजूद थे।

## भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में आपदा से बचने पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शनिवार को एनडीआरएफ की टीम द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनडीआरएफ की टीम के सदस्यों द्वारा आपदा प्रबंधन एवं प्राकृतिक आपदा से बचने का उपाय बहुत ही विस्तृत ढंग से समझाया गया। उन्होंने कहा कि जब वर्षा तेज हो या डूबने की स्थिति हो तो हम घरेलू सामानों को भी आपातकालीन स्थिति में बचाने लायक बना सकते हैं। साथ ही अन्य प्राकृतिक आपदा से भी बचने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सड़क हादसे में जख्मी को प्राथमिक उपचार के लिए गोल्डेन टाईम के बारे में भी बतलाया। कार्यक्रम की सफलता में प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव ने पूर्ण सहयोग दिया। स्वागत राकेश कुमार राय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उपेन्द्र उपाध्याय डीएसडब्लू ने किया गया। इस कार्यशाला में भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भारथी कॉलेज ऑफ फामेर्सी एवं एसकेएसएम के व्याख्यातागण एवं छात्र/छात्राए भी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के बंता हजाम में विधयक निधि से बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, सिल्ली प्रमुख जितेन्द्र नाथ बड़ाईक ,पूर्व उप प्रमुख प्रफुल कुम्हार ने संयुक्त रूप से किया। काफी दिनों से ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन बनाने की मांग कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शुशील सिंह मुण्डा, प्रवीण कोइरी, जयंत भगत, निरंजन राम,अनुप भाई महतो,लखि राम मुखियार,घनेश्याम कालिंदी, विशेश्वर कालिंदी, महावीर कालिंदी, प्रदीप कालिंदी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### गोड़ाडीह पंचायत में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गोड़ाडीह पंचायत के कुलसुद महुवाडीह में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। बताते चले की पूर्व में 10 केवीए का ट्रांसफार्मर था और वर्तमान में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। नया ट्रांसफार्मर लगाने के संदर्भ में ग्रामीणों ने 17 जुलाई को रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ के नाम एक आवेदन दिया था। नया ट्रांसफार्मर लगाने में भारतीय जनता पार्टी के संयोजक राजेंद्र साईं एवं उपाध्यक्ष श्याम सुंदर महतो का काफी सराहनीय योगदान रहा। ट्रांसफार्मर लगने के पश्चात ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल था।

### भारी बारिश से घर क्षतिग्रस्त, पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम चटवल में अफजल अंसारी का बीते दिन भारी बारिश होने के कारण घर गिर गई। खबर मिलते ही पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। डॉ परमेश्वर भगत ने तत्कालीन वरीय पदाधिकारी से बात किए और प्रामर्श किए की पीड़ित परिवार को आपदा से संबधित प्रत्येक योजना में प्रथमिकता देते हुए उपलब्ध कराया जाए जिसमे विशेष कोटा से अबूवा आवास/ आपदा से संबधित मुआवजा प्रदान किया जाए।

### मुख्यमंत्री मंईयां योजना के 1348 आवेदनों में मात्र 13 की हो सकी इंट्री

**खलारी।** इंटरनेट साइट नहीं खुलने से मुख्यमंत्री मईया योजना के सभी आवेदनों का आनलाइन इंट्री नहीं हो सका। खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में शनिवार से मुख्यमंत्री मंईयां योजना का आवेदन जमा करने के लिए शिविर की शुरूआत की गई थी। शाम तक जो आंकड़े आए उसके अनुसार पूरे प्रखंड में कुल 1348 आवेदन आए जिनमें मात्र 13 आवेदन का ऑनलाइन इंट्री किया जा सका। मायापुर पंचायत में कुल 147 आवेदन आए वहीं विश्रामपुर पंचायत में 105, लपरा पंचायत में 200, तुमांग आवेदन 100, बुकबुका 50, चुरी उत्तरी 3, चुरी पूर्वी 75, हुटाप 133, खलारी 145, चुरी पश्चिमी 100, बमने 40, राय 150, चुरी मध्य 40 तथा चुरी दक्षिणी में 60 आवेदन आए। इनमें केवल लपरा में 4 तथा बमने में 9 आवेदन का आनलाइन इंट्री किया जा सका।

## सजग पुलिस

### हेसल गांव में ब्राउन शुगर बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़

# पांच करोड़ 29 लाख की ब्राउन शुगर बरामद, पांच गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** पुलिस ने रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल गांव में ब्राउन शुगर बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए तस्करी के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही ढाई किलोग्राम ब्राउन शुगर, साढ़े छह किलोग्राम से अधिक अफीम, नकद 15 लाख 14 सौ रुपये, पांच मोबाइल, एक क्रेटा कार (जेएच 01ईके-6290) के अलावा ब्राउन शुगर बनाने के प्रयोग में आनेवाली दो मशीन, गैस चूल्हा, गैस सिलिंडर सहित बड़ी मात्रा में अन्य सामान बरामद किये हैं। बरामद ब्राउन शुगर और अफीम की अनुमानित मूल्य पांच करोड़ 29 लाख रुपये है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने शनिवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी के मारंगहादा थानांतर्गत बिचागुटू गांव के सनिका पाहन (27), चतरा जिले के इटखोरी थानांतर्गत नगवा गांव के तुलेश्वर कुमार (26), वीरेंद्र कुमार दांगी (28), रवि दांगी तथा हजारीबाग जिला के चौपारण थानांतर्गत जोकट गांव के उमेश कुमार दांगी उर्फ साजन कुमार (24) शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि दो अगस्त की रात में पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी-तमाड़ मुख्य पथ पर हूंट गांव के पास एंबुश लगाकर अफीम की खरीद-बिक्री करने आये क्रेटा कार में सवार आरोपित तुलेश्वर कुमार, वीरेंद्र कुमार दांगी और उमेश कुमार दांगी के साथ ही सनिका पाहन को घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके पर कार से भारी मात्रा में अफीम, ब्राउन शुगर, नगद राशि और अन्य सामान बरामद किए गए। इस संबंध में आरोपितों से पूछताछ करने पर रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल गांव में अफीम से ब्राउन शुगर बनाने की जानकारी मिली, तो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हेसल गांव में छापेमारी कर ब्राउन शुगर फैक्टरी का उद्भेदन किया। गिरफ्तार चारों आरोपितों के बयान के आधार पर रवि दांगी नामक एक अन्य आरोपित को इटखोरी थाना के नगवा स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

### वज्रपात से बचने के उपायों पर अमल करें लोग : लोकेश मिश्रा

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जनहित में जिला वासियों से वज्रपात से बचने के उपायों पर अमल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वज्रपात, वर्षा, बूंदाबांदी या आंधी-तूफान के दौरान पेड़ के नीचे खड़े न हों। उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम में वज्रपात की संभावना अधिक रहती है। जब घने बादल या बूंदाबांदी के साथ तेज हवा चले, तो वज्रपात (ठनका) होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके मद्देनजर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जनहित में जिला वासियों से वज्रपात से बचने के इन उपायों पर अमल करने का अपील की है। वज्रपात के दौरान मजबूत छत वाले पक्का मकान सबसे सुरक्षित हैं। घरों में तड़ित चालक लगवाएं, बिजली से चलने वाले उपकरणों को बंद कर दें, यदि किसी वाहन पर सवार हैं, तो तुरंत सुरक्षित जगह चले जाएं।

## स्वास्थ्य मंत्री के लगे आरोपों की जांच कराएं सीएम : सरयु राय



> *प्रक्रिया के तहत सुनील शंकर की नियुक्ति भी दुबारा कर ली गई, आपके मंत्री आरोप लगाते हैं कि मैंने सुनील शंकर को नियुक्त करने का आदेश देकर गलत किया है*

नवीन मेल संवाददाता। रांची विधायक सरयु राय ने एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। वहीं कहा है कि आपके स्वास्थ्य मंत्री मेरे विरूद्ध उन्हीं आरोपों को दुहरा रहे हैं, जो आरोप पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पिछले चार वर्षों से मेरे उपर लगा रहे हैं। पहला आरोप है कि मैंने एक पणन पदाधिकारी (मार्केटिंग ऑफिसर) को बहाल कर दिया। इसमें तथ्य यह है कि जब मैं खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग का मंत्री था तब विभाग में पणन पदाधिकारियों की काफी कमी हो गई थी, तो विभाग ने निर्णय किया कि विभाग से जो लोग सेवानिवृत हुए हैं, उनसे आवेदन मांगा जाए और जिनपर कोई आरोप नहीं है, उन सेवानिवृत पदाधिकारियों को संविदा पर रख लिया जाए। इसी क्रम में एक सेवानिवृत पणन पदाधिकारी, सुनील शंकर मेरे पास अपना आवेदन लेकर आए। मैंने उस आवेदन को संचिका में लगाकर विभागीय सचिव को भेजा कि यदि इनपर कोई आरोप नहीं है और ये योग्य हैं तो इन्हें संविदा पर पुनः नियुक्त कर लिया जाए। विभागीय सचिव ने जाँचोपरांत इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही कई अन्य सेवानिवृत पणन पदाधिकारियों का आवेदन आया तो विभाग ने उनकी छानबीन की और एक समिति बनाकर उनमें से जिनपर कोई आरोप नहीं है उन्हें नियुक्त किया। इस प्रक्रिया के तहत सुनील शंकर की नियुक्ति भी दुबारा कर ली गई। आपके मंत्री आरोप लगाते हैं कि मैंने सुनील शंकर को नियुक्त करने का आदेश देकर गलत किया है। उनका दूसरा आरोप है कि जब मैं मंत्री था तो विभाग की नीतियों एवं कार्यक्रमों तथा केन्द्र सरकार के निर्देशों से जिला पदाधिकारियों, राशन डीलरों और उपभोक्ताओं को अवगत कराने के लिए एक पत्रिका निकालने का निर्णय हुआ।

## मृत सब इंस्पेक्टर के परिजनों से मिले डीजीपी, दिया सख्त कार्रवाई का आश्वासन, कहा

# रांची पुलिस कार्यशैली सुधारे, या हटने को तैयार रहें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में लगातार बढ़ती अपराध की वारदातों से विधि-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। दो दिनों के भीतर एक एडवोकेट और एक पुलिस सब इंस्पेक्टर की हत्या की वारदात हुई है। अपराधियों की गोली से जख्मी एक कांग्रेस नेता राजेश मुंडा का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। कुछ दिन पहले अपराधियों की फायरिंग से बुरी तरह जख्मी हुए रांची नगर निगम के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश की शनिवार को दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। इन घटनाओं को लेकर जहां शहर में गुस्से में उबाल है, वहीं विपक्षी पार्टियां सरकार पर हमलावर हैं। इसका असर शनिवार को पुलिस प्रशासन की बढ़ी सक्रियता में दिखी। शनिवार को जैसे ही स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या की खबर मिली, डीजीपी अनुराग गुप्ता स्वयं मामले की जानकारी लेने रिम्स पहुंच गए। डीजीपी ने अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली। आईजी अखिलेश झा, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के अलावा कई अधिकारी पहले से रिम्स में मौजूद थे। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्पष्ट तौर पर रांची जिला में पदस्थापित पुलिसकर्मियों को हिदायत और चेतावनी देते हुए कड़े लहजे में कहा कि रांची की स्थिति पर उनकी पैनी नजर है और कोई भी चूक बर्दाश्त नहीं होगी। रांची में रहनेवाले पुलिसकर्मी अपनी कार्यशैली सुधारे या रांची से हटने को तैयार रहे। इस दौरान डीजीपी ने मृतक के परिजनों से भी मुलाकात की और कहा स्पेशल ब्रांच के दारोगा अनुपम की हत्या पर उन्होंने कहा कि जांच में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और जो भी दोषी होंगे उन्हें पकड़ा जाएगा।

## हर हाल में लगाएं अपराध पर अंकुश, विवाद में न पड़ें पुलिसकर्मी

**रांची। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शनिवार को रांची के सभी थानेदारों की जमकर क्लास लगाई। डीजीपी ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि हर हाल में राजधानी में अपराध पर ब्रेक लगाएं। साथ ही पुलिसकर्मी किसी भी विवाद में न पड़ें, अन्यथा उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।**

### डीजीपी ने रांची के सभी थानेदारों संग की बैठक

राजधानी रांची की कानून-व्यवस्था कैसे बेहतर हो, पुलिस किस तरह से काम करें कि अपराधियों पर नकेल कसा जा सके इसे लेकर राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शनिवार को रांची के सभी थानेदारों के साथ बैठक की। डीजीपी के द्वारा बुलाई गई बैठक में रांची आईजी, डीआईजी, सीनियर एसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी सहित सभी डीएसपी और थानेदार शामिल हुए।



### वर्दी का मान रखें पुलिस पदाधिकारी

बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी थानेदारों को साफ-साफ शब्दों में निर्देश दिया है कि वह बेहतर पुलिसिंग करें। अगर पुलिस वाले बेहतर काम करेंगे, तो राज्य पुलिस का इकबाल बुलंद होगा। इसलिए जरूरी है कि सभी पुलिस वाले वर्दी का मान रखें।

### जमीन के मामलों से दूर रहें पुलिस पदाधिकारी

साथ ही यह चेतावनी भी दी है कि अगर कोई पुलिस वाला किसी विवाद में पड़ता है या फिर जमीन के विवाद में उसका नाम आता है तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। डीजीपी ने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कहा कि वह एंटी करप्शन ब्यूरो के भी डीजी हैं, ऐसे में अगर जमीन मामले में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आएगी तो उन पर एसीबी भी कार्रवाई करेगी।

### नशे के कारोबार पर नकेल कसें

बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि वह नशे के कारोबार सहित दूसरे तरह के अपराधों पर नकेल कसने के काम करें। इसके लिए लगातार अभियान चलाने का निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया।

## निजी स्वार्थ के लिए सीएम ने राजधानी अयोग्य अफसरों के हवाले किया

**रांची।** स्पेशल ब्रांच में तैनात सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को रिम्स पहुंचे। उनके साथ कांके के विधायक समरी लाल भी थे। बाबूलाल मरांडी ने डीआईजी अनूप बिरथरे और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा से घटना की जानकारी ली। इसके बाद मरांडी ने मृतक की पत्नी से मिलकर जानकारी ली और भरोसा दिया कि अपराधी जल्द से जल्द पकड़े जाएंगे। मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में मरांडी ने कहा कि घटना दुखद है। बेखौफ अपराधियों ने स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर की हत्या की है। तत्परता के साथ बिना विलंब किए अपराधी को पकड़ना चाहिए। दूसरी ओर, मरांडी ने स्पेशल ब्रांच में तैनात सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि एक युवा आदिवासी पुलिस अफसर का असमय इस दुनिया से

### रिम्स पहुंचे बाबूलाल मरांडी मृतक के परिजनों से मिले



चला जाना अत्यंत दुखद है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं एवं शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि निजी स्वार्थ के लिए राजधानी रांची तक को अयोग्य अफसरों के हवाले कर बारूद के ढेर पर बैठा दिया गया है। अपराधी बेखौफ ढंग से सरेआम वकीलों, पुलिस, बड़े-बड़े प्रतिष्ठान के संचालकों तक की हत्या कर रहे हैं। अपराधियों के सामने घुटने टेक देने वाली हेमंत सरकार से आम जनता के सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? हेमंत सरकार ने अपने घटिया कानून व्यवस्था के कारण साढ़े तीन करोड़ झारखंड वासियों का जीवन संकट में डाल दिया है।

## सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की शुक्रवार को दिन दहाड़े बीच सड़क पर चाकू गोदकर हत्या के खिलाफ रांची के अधिवक्ता कार्य बहिष्कार आंदोलन कर रहे हैं। रांची सिविल कोर्ट के तमाम अधिवक्ताओं ने शनिवार को दूसरे दिन भी खुद को न्यायिक कार्यों से अलग रखा। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्ण ने इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी, मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को एक करोड़ मुआवजा देने और इस मामले में सीधे सीएम और हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस से हस्तक्षेप की मांग की है। झारखंड के एडवोकेट जेनरल राजीव रंजन ने भी इस घटना को लेकर राज्य के डीजीपी को पत्र लिखा है और उन्हें कार्रवाई करने को कहा है।

## झामुमो-कांग्रेस-राजद का गुंडाराज निगल रही जिंदगियां : अमर बाउरी

सुबह जैसे ही नींद खुली सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि



दारोगा अनुपम कच्छप को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। कल जब विधानसभा का सत्र चल रहा था उसी समय सूचना आई कि अधिवक्ता गोपी कृष्णा को उनके मोहल्ले में चाकू गोदकर मार दिया गया है। थोड़ा वक्त गुजरा तो एक और दुखदाई खबर आई मिली कि धुर्वा के पूर्व पार्षद जिन्हें पूर्व में अपराधियों ने गोली मार दिया था उनका निधन दिल्ली में इलाज के दौरान हो गया। यह तीनों हत्याएं कोई आम और सामान्य नहीं है। जहां तक आम नागरिकों की बात है तो जेएमएम-कांग्रेस-राजद सरकार में इनका तो कोई मोल ही नहीं है, यह सरकार आम आदमी को कीड़े मकोड़े से अधिक नहीं समझती। झामुमो-कांग्रेस-राजद का गुंडाराज लगातार जिंदगियां निगल रही हैं।

## मृत अधिवक्ता गोपाल के परिजनों से मिले डीजीपी अनुराग गुप्ता

0 रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र मधुकम स्थित महुआ टोली में सिविल कोर्ट के वकील गोपाल कृष्णा की हत्या के दूसरे दिन शनिवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता अधिवक्ता के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। डीजीपी ने मृतक अधिवक्ता की मां, पत्नी से काफी देर तक बातचीत की। उन्हें अपराधियों के जल्द से गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इस दौरान डीजीपी ने परिजनों से कारण जानने का भी प्रयास किया, लेकिन घरवालों को इससे संबंधित कोई जानकारी नहीं होने के कारण कुछ बता न सकें। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मौके पर संवाददाताओं से कहा कि एसएसपी की पूरी टीम जांच में जुटी है। तकनीकी शाखा भी सुराग ढूंढ रही है। अपराधियों की पहचान हो गयी है। उनका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उम्मीद है जल्द अपराधी रांची पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इस दौरान अन्य वरीय अधिकारी भी डीजीपी के साथ मौजूद थे।

## निर्माण कार्य को लेकर बदली रांची की ट्रैफिक व्यवस्था

***नवीन मेल संवाददाता रांची।*** **रांची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत यातायात मार्ग में परिवर्तन किया गया है। केसीसी बिल्डकॉम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से जाकीर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक के बीच में पियर कैप, आरसीसी बॉक्स, रिटेनिंग वॉल, आरसीसी ड्रेन का काम होना है. इसे वर्क को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।**

### ये हैं परिवर्तित ट्रैफिक मार्ग

- किशोरीयादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क की ओर जाने वाली सभी तरह के वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगी।
- पिस्का मोड़ से आने वाली सभी ऑटो, ई-रिक्शा को दुर्गा मंदिर चौक से हॉटलिप्स चौक,एटीआई मोड, रणधीर वार्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क व अन्य स्थानों की ओर परिचालन करेंगे. अन्य वाहनों का परिचालन यथावत होगा, जो न्यू मार्केट चौक से बायें राजभवन मोड़ होते हुऐ हॉटलिप्स चौक की ओर परिचालन करेंगे।
- कांके रोड से रातु रोड आने वाले ऑटो, ई-रिक्शा राम मंदिर से सिद्धो कान्हु पार्क एटीआई मोड़ रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए अन्य स्थानों की ओर परिचालन करेंगे. अन्य वाहनों को परिचालन यथावत होगी।
- रेडियम चौक की ओर से आने वाली वाहनों का परिचालन जाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक होते हुए रातु रोड व हरमु रोड की ओर परिचालन करेंगे।



## अधिवक्ता के हत्यारे को गिरफ्तार किया जाए : महासभा

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रीय महासभा ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर अधिवक्ता गोपी कृष्ण के हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गयी की गोपी कृष्ण परिवार में इकलौता कमाने वाले थे। उनके पिता रिटायर्ड कर चुके हैं। उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पूरा परिवार उन्ही पर आश्रित था। उनके परिवार के भरण पोषण के लिये कम से कम 50 लाख रुपए का आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। वहीं उनके परिवार से किसी एक को सरकारी नौकरी दिया जाये। साथ ही अभी रांची में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गई है। प्रतिदिन कहीं ना कहीं हत्या, लूट, रंगदारी की वारदातें हो रही है ।पत्र सौंपने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद, महामंत्री अशोक सिंह, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप वर्मा, महासचिव दीपक नवीन चन्द्रवंशी, कोल्हान प्रमंडल अध्यक्ष सीताराम रवानी, विनय कुमार, विभोर चन्द्रवंशी, सुबोध कुमार हैं।

# मेडिका के हड्डी रोग विशेषज्ञ ने की सफल जटिल सर्जरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राकेश अग्रवाल ने अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में जटिल पेल्विक इंजुरी के एक मामले का सफल ऑपरेशन किया। ईटानगर के एक युवक अभी हाल में हुए भूस्खलन की वजह से गंभीर चोट का शिकार हुआ था और उसकी पेल्विक बुरी तरह से टूट गई थी। ऑपरेशन के समय उसकी इंज्यूरी को तीन सप्ताह हो चुका था। पेल्विक एसिटाबुलर इंज्यूरी ऑर्थोपेडिक सर्जरी की श्रेणी में सबसे जटिल माना जाती है। पेल्विक एसिटाबुलर इंज्यूरी की सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ राकेश अग्रवाल को ईटानगर, ट्रिम्स के डॉ लेनिन लिगू ने विशेषरूप से बुलाया और सफल सर्जरी कराई. वहीं डॉ नर्मल कुमार ने 4 वर्षीय बच्ची मरियम सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गई, उसके पैर और टखने में गंभीर चोट आई। चमड़ी, जोड़, टखना बुरी तरह खुल गया और ग्रोथ प्लेट पूर्णता अलग हो गया। डॉ निर्मल, प्लास्टिक सर्जन डॉ प्रिंस गुप्ता द्वारा शल्य चिकित्सा बच्ची को बचा लिया। वहीं उसे पूर्णता चलने लायक बना दिया गया।

***डॉ राकेश अग्रवाल को नॉर्थ ईस्ट में पेल्विक इंज्यूरी की जटिल सर्जरी के लिए बुलाया***



***डॉ निर्मल ने 4 साल की बच्ची को फिर से चलने लायक बनाया***





## न्यूज | बॉक्स

### लायंस क्लब ने सदर अस्पताल में किया भोजन का वितरण



**रांची ।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने सदर अस्पताल परिसर में दूसरा शनिवार भोजन का वितरण किया। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित झारखंड चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबडा ने क्लब के पदाधिकारियों का उत्साहवर्द्धन किया। वहीं कहा कि नर ही नारायण की सेवा है। जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का वितरण करना सराहनीय प्रयास है। सभी लोगों को इस प्रयास का अनुसरण करना चाहिए। क्लब लगातार सेवा का कार्य करती आ रही है।उन्होंने फूड फॉर हंगर के परमानेंट प्रोजेक्ट करने के लिए विशेष धन्यवाद दिया ।क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा और चार्टर प्रेसिडेंट शैलेष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अवगत कराया कि क्लब के इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में आज लगभग 500 लोगों बीच भोजन का वितरण किया गया है।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला संपन्न



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का तीन दिवसीय सावन मेला के तीसरे दिन काफी भीड़ रही। सुबह से ही लोगों का आना जाना लगा रहा। तीसरे दिन मेले में काफी ऑफर दिये गये थे। लोगों ने जमकर अपनी मनपसंद चीजों की खरीदारी की। मेले में लोगों को जहां खूबसूरत राखी पसंद आ रही थी। वहीं सबको ज्वेलरी, कुरती गिफ्ट आइटम भी काफी पसंद आये। संयोजिका विनीता बिहानी, सरिता बथवाल , सपना सिंघानिया , पूजा अग्रवाल और रितु ने मेले में काफी मेहनत की। समापन समारोह में बेस्ट सेल का पिंकी बुटीक को, बेस्ट डेकोरेशन का प्रियंका को बेस्ट सेल्समैनशिप का अवार्ड ज्योति को मिला। पूजा अग्रवाल ने मंच संचालन किया। रितु पोद्दार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने सभी विजेताओं को बधाई दी और सभी स्टॉल धारकों को धन्यवाद दिया।

### आकार ले रहा रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का सबसे बड़ी लाइब्रेरी का सपना



**रांची ।** रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से 68 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले लाइब्रेरी का कार्य प्रगति पर है। संजय सेठ ने अपने प्रथम कार्यकाल में इस लाइब्रेरी की स्थापना का प्रयास आरंभ किया था और कोल इंडिया लिमिटेड के सीएसआर निधि से इसके निर्माण को स्वीकृति दिलाई थी। इसके उपरांत मोराबादी रांची विश्वविद्यालय परिसर में इसका निर्माण आरंभ हुआ है। उपरोक्त लाइब्रेरी निर्माण का निरीक्षण संजय सेठ ने किया। इस दौरान उनके साथ विधायक समरी लाल और रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। रक्षा राज्य मंत्री ने निर्माणाधीन लाइब्रेरी की जानकारी ली और इसके निर्माण होने के समय सीमा के विषय में पूछा। कुलपति ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि 2025 तक यह लाइब्रेरी पूर्ण हो जाएगा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि रांची में एक बड़ी लाइब्रेरी हो, यह उनका सपना था। जहां सिर्फ रांची ही नहीं बल्कि राज्य और देश भर के युवा आकर अध्ययन अध्यापन का कार्य कर सके। उनका सपना मूर्त रूप ले रहा है। यह लाइब्रेरी पूर्वी भारत की सबसे बड़ी लाइब्रेरी होगी, जहां एक साथ 5000 लोग बैठकर अध्ययन अध्यापन के साथ विभिन्न विषयों पर परिचर्चा कर सकेंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने इस लाइब्रेरी के निर्माण को स्वीकृति प्रदान करने के लिए विशेष रूप से तत्कालीन कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रहलाद जोशी ने मेरे विचार को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए पहल की और उसका परिणाम है कि रांची के युवाओं को हम एक बड़ी सौगात देने जा रहे हैं।

### आलमगीर आलम की बेल पर 7 अगस्त को होगी सुनवाई

**रांची।** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में वकीलों के कार्य बहिष्कार के कारण शनिवार को सुनवाई नहीं हो पाई। अब कोर्ट 7 अगस्त को उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई करेगा। बता दें कि आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। वहीं ईडी इसी केस में राज्य के वरीय अअर अधिकारी मनीष रंजन से भी पूछताछ कर चुकी है। इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ़्तारी हो चुकी है। इनके ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद राशि बरामद किए थे।

# लालकिला में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होना गर्व की बात : डॉ अजीत सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश के स्वतंत्रता के 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2024 को ऐतिहासिक लालकिला पर प्रधानमंत्री तिरंगा फहरायेंगे। इस मुख्य समारोह में पूरे देश से एनएसएस के 400 स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त समारोह में झारखंड राज्य से एनएसएस के कुल 08 स्वयंसेवक (04 पुरुष एवं 04 महिला ) शामिल होंगे। रांची विश्वविद्यालय से सुरभि कुमारी (मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची) एवं नवीन किशोर (बिरसा महाविद्यालय, खूंटी) शामिल होंगे। एनएसएस के 8 स्वयंसेवकों के चयन होने पर रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐतिहासिक लालकिला के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का लालकिला भारत के समृद्ध इतिहास और विरासत का प्रतीक है। साथ ही साथ यह देश के पिछले संघर्षों और विजयों को याद दिलाती है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि आप देश के प्रधानमंत्री के विचारों को सुनकर अपने-अपने महाविद्यालयों में साझा करें एवं उसे अनुशरण करें। राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य से चयनित एनएसएस के स्वयंसेवक 12 अगस्त को पटना आएंगे एवं बिहार और झारखंड राज्यों के कुल 16 एनएसएस के स्वयंसेवक एवं 01 कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ 12 अगस्त को पटना से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। 13 अगस्त को नई दिल्ली पहुंचेंगे एवं इनके रहने आदि की व्यस्था की जाएगी।




**झारखंड से स्वतंत्रता दिवस समारोह शामिल होने वाले एनएसएस स्वयंसेवकों की सूची**

**रांची विश्वविद्यालय से सुरभि कुमारी, नवीन किशोर। सिदो कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका से सोनी कुमारी और आकाश सुरीन। नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू से चांदनी कुमारी, रविन्द्र सिंह। वाईबीएन विश्वविद्यालय से ज्योति सुरीन व राजेश कुमार शामिल हैं।**

## राहुल चौधरी बने भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष

**रांची।** प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने भाजपा नेता राहुल कुमार चौधरी को भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पूर्व चौधरी महानगर अध्यक्ष रांची गो संवर्धन प्रकोष्ठ,महानगर अध्यक्ष जल प्रबंधन प्रकोष्ठ, रांची महानगर प्रवक्ता, और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रह चुके है। इनके प्रदेश युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, रांची विधायक सीपी सिंह, मुकेश मुक्ता, ओम प्रकाश, प्रेम वर्मा सहित कई नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है और कहा है इससे युवा मोर्चा मजबूत होगी।

## 'अग्निशमन और हमारी जिम्मेदारी' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

# आग लगने पर सोच-समझ कर काम करना चाहिए : मनोज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीआईटी मेसरा लालपुर के तत्वावधान में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात जी-4 ग्रुप के सुरक्षा अधिकारी के सहयोग से अग्नि शमन और हमारी जिम्मेदारी विषय पर कार्यक्रम किया गया। इसमें मुख्य रूप से संस्थान के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी शिक्षकों और कर्मचारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर लगे प्रहरियों को आग लगने पर उसके बचाव के तरीके के साथ उसमें उपयोग होने वाले वस्तुओं का प्रयोग करने और उससे बचने के तरीकों को अपने अनुभव से बताया। उन्होंने बताया की आग लगने के बाद हम किस प्रकार उससे अपने को और अपने आसपास में होने वाले अग्निकांड से बच सकते हैं। क्योंकि थोड़ी लापरवाही बरतने के कारण ही बड़ी घटना होती है।



संस्थान के सहायक कुलसचिव मनोज कुमार गिरि ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कर्मचारियों और शिक्षकों को बताया की आग लगने से हम अपने को शांतिपूर्ण ढंग से उसको बुझाने के बारे में सोचे बगैर हम हड़बड़ी में उन वस्तुओं का प्रयोग कर लेते है जो अग्नि को और तेज कर भारी नुकसान पहुंचा देता है। आज के इस कार्यक्रम में अग्निशमन के प्रशिक्षित सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो आपको इस प्रकार के दुर्घटना से बचाने में आपके घर में लगे छोटे से बड़े दुर्घटना से बचने में आपको सहयोग करेगा।

# मूसलाधार बारिश से उफान पर दामोदर-भैरवी


दामोदर और भैरवी नदी उफान पर


मुख्य मंदिर के सामने का नजारा


सुरक्षा कर्मियों के आवास में प्रवेश किया पानी


बलि स्थल पर तक पहुंचा बाढ़ का पानी

**रामगढ़।** राज्य में दो दिनो तक हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन व्यापक रूप से प्रभावित हुआ है। बारिश का असर रामगढ़ जिले में भी पड़ा है। बारिश के कारण कई मुहल्लों में जलजमाव हो गया है। साथ ही नदियो का जलस्तर भी मूसलाधार बारिश से बढ़ गया है।

**दामोदर-भैरवी का बढ़ा जलस्तर :** रजरप्पा सिद्धपीठ में दामोदर-भैरवी का जलस्तर दो दिनो तक हुई बारिश के कारण उफान पर पहुंच गया है। बाढ़ का पानी माता छिन्नमस्तिके मंदिर के बलि स्थल तक पहुंच गया है। मालूम हो कि सिद्धपीठ माता छिन्नमस्तिके मंदिर दामोदर और भैरवी नदी के संगत पर स्थित है। दोनो नदियो का जलस्तर बढ़ने से दोनो में पानी एक समान बहता दिख रहा है। मंदिर प्रबंधन समिति ने सुरक्षा को ध्यान में रखकर बलि स्थान के निकट वाले गेट को बंद कर दिया है। वहीं, मंदिर के सामने बने छोटे गेट से श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा रहा है ताकि वे माता की पूजा अर्चना कर सकें। मंदिर के बलि स्थल तक बाढ़ का पानी पहुंचने के बाद पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पुलिस द्वारा बताया गया है की किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए 4-5 नाव की भी व्यवस्था की गई है। इधर, शहर से गुजरने वाली दामोदर नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और जलस्तर दामोदर नदी के पुराने पुल के निकट तक जा पहुंचा है।

### कृषि कार्य ने पकड़ी गति

**जिले में दो दिनों तक हुई बारिश के बाद कृषि कार्य ने गति पकड़ ली है। बारिश के कारण नदी नाले भर गए हैं । जिससे किसानों ने धान को रोपाई शुरू कर दी है।**

## एक नजर

### दो दिनों की लगातार बारिश से बरकट्ठा में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से यहां का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. बुधवार 31 जुलाई की रात से लेकर शुक्रवार की रात तक झमाझम बारिश हो रही है. बारिश कि वजह से बरकट्ठा में जीटी रोड़ के किनारे रहने वाले दुकानों और मकानों में पानी के घुसने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. जानकारी हो कि जीटी रोड सिक्सलेन सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य को लेकर सड़क के दोनों ओर की नालियों को भर कर समतल कर दिया गया है. जिसके कारण पानी निकासी नहीं होने से सड़कों का पानी अंदर घुस जाता है. वहीं सड़क का आधा अधुरा कार्य कर जहां तहां छोड़ देने से रोड़ गड्ढों में तब्दील हो गया है. जिसमें पानी के भर जाने से दिल्ली कोलकाता मार्ग से गुजरने वाली गाड़ी बराबर दुर्घटनाग्रस्त हो रही है.

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए फॉर्म भरने का कार्य प्रारंभ



**बिष्णुगढ़ ।** झारखंड मुख्यमंत्री मइया समान योजना के लिए फॉर्म भरने का कार्य पंचायत भवन सचिवालय बना सो में शुरू किया गया । पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर पर्यवेक्षक शिवकुमार प्रसाद, आंगनबाड़ी सेविका सरिता देवी ,पंचायत समिति सदस्य राधा रानी, सत्येंद्र पांडे, प्रसादी यादव, सोनू पांडे, रवि यादव, राजू यादव, प्रज्ञा केंद्र संचालक राजू महतो, द्रोपती देवी, संगीता देवी, कंचन देवी, बिगन अंसारी ,रंजीत पांडे सहित काफी संख्या में 21 वर्ष से 50 50 वर्ष की उम्र की महिलाएं उपस्थित थीं।

### कबड्डी एसोसिएशन के संरक्षक गोपाल व सचिव सुखसागर बनें

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा के श्रमिक कल्ब में पूर्व जिला परिषद सदस्य गोपाल चौधरी की अध्यक्षता में रामगढ़ जिला कबड्डी एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक के दौरान रामगढ़ जिला कबड्डी एसोशिएशन का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक गोपाल चौधरी, अध्यक्ष सहदेव मांझी, उपाध्यक्ष पुरन चन्द राम, कमरुद्दीन, सारथि मुंडा को बनाया गया। वही सचिव सुखसागर सिंह, सह सचिव सुरज मुंडा, विश्वजीत मुंडा, विक्की कुमार दास, महावीर महतो एवं कोषाध्यक्ष तुलेश्वर चौधरी को चुना गया। इसके अलावे सदस्य में मोनिका कुमारी, संतोषी कुमारी, सीता कुमारी, सोनी कुमारी, पंकज कुमार, पवन पटेल, आशीष मुंडा, शेखर करमाली, झमन करमाली को बनाया गया। इस दौरान सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को सीडी सिंह ने बधाई देते हुए जिला में खेल को गति देने की कामना की।

## भारी बारिश से ढहा गरीब परिवार का आशियाना

**नवीन मेल संवाददाता। विष्णुगढ़**

विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत के केन्दुआडीह निवासी बसंत नायक पत्नी भुनेश्वरी देवी का घर शुक्रवार को? लगातार हो रही भारी बारिश से घर का आधा हिस्सा टूटकर गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि लगातार हो रही बारिश से देर रात अचानक घर का आधा हिस्सा ढह गया। और घर में पुरा पानी घुस गया जिसके कारण घर के अंदरसमान एवं खाद सामग्री का भी काफी नुकसान हुआ है. घटना की रात उसी मकान में घर के सदस्य सोए हुए थे घटना से बाल- बाल बच गए। घर के अलावा किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है। घर का आधा हिस्सा टूट जाने से घर में रहने पर घर के परिवार विवश और काफी चिंतित है। बताते चलें कि की बसंत नायक का घर इसके पहले भी बारिश के कारण घर के कुछ हिस्सा ढह कर गिर गया था, किसी तरह घर को मरमती करके रह रहे थे। वो भी अब ढह कर गिर गया। जिससे परिवारों को काफी दिक्कत हो रही है। परिवार जनों ने सरकार से आर्थिक मदद एवं आशियाना हेतु मदद की गुहार लगाई है ।

## बरकट्ठा में पिछले 72 घंटे से बिजली व्यवस्था चरमराई, बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न फीडर में आई तकनीकी खराबी के कारण पिछले 72 घंटा से बिजली आपूर्ति बाधित है। बताते चलें कि बरकट्ठा क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं प्रखंड क्षेत्र में बुधवार से हो रही मुसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में बिजली के पोल और तार गिर गए हैं। जिसे दुरुस्त करने में बिजली कर्मी लगे हैं। लेकिन समाचार लिखे जाने तक बरकट्ठा क्षेत्र में बिजली बहाल नहीं हो पाया है। जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ छात्रो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही बबलू पांडेय, अमित पांडेय, मनोज नायक, धुर्व बर्नवाल, प्रभात गुप्ता, पवन कुमार, सुजीत कुमार समेत अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि घंघरी फीडर और सूर्यकुण्ड फीडर में लगातार आए दिन बिजली की समस्याएं होती रहती है। पिछले 72 घंटे से विद्युत व्यवस्था लचर रहने के कारण हम लोग अत्यधिक परेशान हैं। बिजली नहीं रहने से लोगों को टंकी में पानी नहीं चढ़ रहा, मोबाईल चार्ज नहीं हो पा रहा है।लोगों ने कहा कि ट्रांसफार्मर में खराबी आने पर या अन्य बिजली से संबंधित कोई समस्या होने पर हम लोग चंदा जमा कर बिजली बनाते हैं ,फिर भी हम लोगों को सही से लाइन नहीं मिल रहा है। कहा कि अधिकारी को फोन करने पर फोन रिसीव भी नहीं करते । इस संबध में कनीय अभियंता अभिषेक आनंद से दूरभाष पर संपर्क किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### मानसून सत्र में सुनीता चौधरी ने छात्रावास निर्माण की उठाई मांग

## सरकार ने कहा- डीसी से मांगा गया है भूमि प्रतिवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने विधानसभा के मानसून सत्र में रामगढ़ जिले में एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण कराए जाने व जिले में जर्जर बिजली का तार, पोल, ट्रांसफार्मर व बिजली मीटर बदले जाने का मामला उठाया। कहा कि छात्रावास नहीं रहने की वजह से छात्र-छात्राएं को स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई शहरी क्षेत्र में निजी मकान में किराए पर रहकर करना पड़ रहा है। विधायक सुनीता चौधरी के इस अल्प सूचित प्रश्न के जवाब में राज्य सरकार की ओर से हमें बताया गया कि गत 29 जुलाई को रामगढ़ के डीसी से जिला मुख्यालय में एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के लिए भूमि प्रतिवेदन मांगा गया है। आवश्यकता अनुसार 50, 100, 150 व 200 बेड के छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। उधर, विधायक सुनीता चौधरी के रामगढ़ जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विद्युतीकरण के लिए उपयोग में लाए गए एलटी व एचटी लाइन के तार, पोल ट्रांसफार्मर जर्जर होने, प्रायः तार टूटने व पोल गिरने की घटना होने। साथ ही संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) व मुख्यमंत्री उज्वला योजना के तहत जिले भर की जर्जर तार,पोल ट्रांसफार्मर व बिजली मीटर बदलने में हो रहे विलंब को लेकर भी सवाल उठाए। इसके जवाब में राज्य सरकार के द्वारा बताया गया कि आरडीएसएस योजना के लिए मेसर्स एसके एस इंटरप्राइजेज का चयन किया गया है। इसके द्वारा सर्वे का कार्य पूरा किया गया है व इलेक्ट्रशन का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को जून 2 जून 2026 तक पूरा कर लेना है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना के लिए मैसर्स वेस्टस्टोन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को एल ओआई निर्गत किया गया है। वर्तमान में सर्वे का कार्य चल रहा है। एकरारनामा प्रक्रियाधीन है। एकरारनामा होने के बाद 18 महीने में कार्य पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। जनवरी 2026 में समाप्त होना है।

### एमओयू रद्द कर महिला इंजीनियरिंग कॉलेज को चलाये राज्य सरकार : सुनीता चौधरी



**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने राज्य सरकार से गोला स्थित महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन स्वयं करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इसका संचालन वर्तमान शैक्षणिक सत्र से ही प्रारंभ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला इंजीनियरिंग कॉलेज को बीआईटी सिंदरी की तरह चलाया जाए। उन्होंने गैर सरकारी संकल्प के तहत यह मामला सदन में उठाया । इस पर मंत्री चंपाई सोरेन ने सदन में कहा कि इस विषय पर राज्य सरकार ने विधानसभा से पारित प्रस्ताव को राज्यपाल के पास भेज दिया गया है। राज्यपाल से आने के बाद आगे की कार्रवाई हो सकेगी उन्होंने कहा कि यह विषय गंभीर है। समय लग रहा है। प्रयास है कि जल्दी हो। सुनीता चौधरी ने कहा कि महिला इंजीनियरिंग कॉलेज को पीपीमोड पर चलाने के लिए राज्य सरकार ने आरका जैन निजी विश्वविद्यालय से 2023 में एमओयू किया था। बावजूद इसके महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन नहीं किया जा रहा है। अरका जैन निजी विश्वविद्यालय के द्वारा एमओयू के शर्तों का अब अनुपालन नहीं किया जा रहा है।एमओ यू के शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसको देखते हुए एमओयू को रद्द किया जाए और महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन राज्य सरकार द्वारा की जाए।

### तोपा-बनवार कुजू सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप

**कुजू।** सीसीएल तोपा परियोजना से बनवार छह नंबर के रास्ते कुजू जाने वाली सड़क पर चट्टानधौड़ा के समीप बनी पुलिया शुक्रवार को देर रात करीब डेढ़ बजे एकाएक तेज आवाज के साथ पूरी तरह बहकर नेस्तनाबुद हो गया। पुलिया समेत दोनों ओर के सड़क को जोड़ने वाले करीब पचास फीट के दायरे से अधिक की सड़क के लगभग तीस फीट नीचे गड्ढे में समा जाने से सड़क की स्थिति काफी भयानक हो गई है। पुलिया बहने व पहुंच सड़क के गहरे खाई में समाने के साथ ही बगल में बहने वाले चट्टानधौड़ा नदी की धार काफी तेज हो गई है। इस पुलिया व सड़क के बहने से क्षेत्र के संपर्क कुजू से टूट गया है। जिससे यह सड़क से होकर कुजू व हजारीबाग समेत आसपास के इलाके में जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। चंद फलांग की दूरी तय करने के लिए अब लोगों को करीब आठ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी।



## शहर के आजाद बस्ती तक पहुंचा दामोदर नदी के बाढ़ का पानी

**रामगढ़।** शहर की तरफ से बहने वाली दामोदर नदी दो दिनो के मूसलाधार बारिश के बाद पूरे उफान पर है। दामोदर नदी का जलस्तर इस कदर बढ़ गया है की नदी के किनारे स्थित रामगढ़ के आजाद बस्ती के कई घर जलमग्न हो गये हैं। इधर, आजाद बस्ती में बाढ़ का पानी पहुंच जाने के बाद प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया है। साथ ही लोगों को सुरक्षित स्थानो पर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

**संकल्प**

### सरकारी संकल्प के माध्यम से विस्थापितों को उचित लाभ मिले

## विस्थापन आयोग का अतिशीघ्र गठन करे सरकार : अंबा प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

बदकागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा विधानसभा सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से विस्थापितों को उचित लाभ प्रदान करने तथा न्याय दिलाने के लिए राज्य विस्थापन आयोग का गठन करने तथा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 व कॉल बैरिंग एक्ट 1957 के स्थान पर भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 नियमावली को लागू करने की मांग की गई। उनके प्रश्न पर राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के प्रभारी मंत्री द्वारा विधानसभा सदन में जवाब देते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री की



अध्यक्षता में 8 जुलाई को आहूत मंत्री परिषद की बैठक में मंत्री परिषद द्वारा राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग गठित करने तथा इस आयोग के माध्यम से विस्थापितों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय के आलोक में राज्य सरकार द्वारा राज्य विस्थापन आयोग के गठन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य सरकार रोकने के बजाय मौन सहमति दे दी है : मनीष जायसवाल

हजारीबाग। झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यालय में बजट पर चर्चा को लेकर एक प्रेस वार्ता सांसद मनीष जायसवाल द्वारा की गई जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित थे। प्रेस संबोधन में सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट पूर्ण रूपेण संतुलित एवं युवा रोजगार मुखी बजट है। इस बजट में युवाओ को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है जिसमें 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा। श्री जायसवाल ने कहा कि युवाओ के खाशकर रोजगार के उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैकेज की घोषणा की गई है जिसमें 5 वर्ष की अवधि में 4 करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा।

## न्यूज बॉक्स

### विवाहिता ने की आत्महत्या, मृतिका के पिता ने दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप

**बरही ।** गुरुवार को जीटी रोड स्थित बिलौतिया मोड़ निवासी श्वेता कुमारी पति कुनकुन स्वर्णकार ने फांसी लगा आत्महत्या कर लिया. जिसे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. जिसकी सूचना मृतिका के पति ने ससुराल वालो को दिया. सूचना पाकर आए परिजनों ने मामले को हत्या बताते हुए पति सहित ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है. पिता बजरंगी साव ने बरही थाना में आवेदन देकर अपने दामाद सहित बेटी के ससुर राजेन्द्र प्रसाद सोनार, सास शारदा देवी, देवर रंजीत कुमार, बिट्टू सोनी, चाचा ससुर अजय सोनी, ननद आरती देवी, गुड़िया देवी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है. मामले के संबंध में पंचायत भी हुआ पर कोई फर्क नहीं पड़ा और आखिरकार हत्या कर दी गई. मामले की जानकारी होते ही पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी दल बल के साथ अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी लिया और शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार की सुबह अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया. मामले के संबंध में इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतिका के गले में फांसी का निशान पाया गया है. विशेष जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही दी जा सकती है. मामले के संबंध में दहेज प्रताड़ना व हत्या को लेकर बीएनएस की धारा 85/80(2) और 3/4 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया जा चुका है. जानकारी के अनुसार मृतिका के एक पुत्री व दो पुत्र है. ससुराल वालो ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए आरोप को बेबुनियाद बताया है.

#### घटना की जानकारी होते ही पहुंचे पूर्व विधायक

घटना की जानकारी होते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली. परिजनो को ढांढस देते हुए पुलिस से मामले को निष्पक्षता से जांचते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग किया. मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि मौजूद थे.

### पतरातू प्रखंड क्षेत्र में मंइयां सम्मान योजना की हुई शुरूआत, पंचायतों में लगाए गए शिविर

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालय में शनिवार को मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया। इसके लिए इसके प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी पंचायत भवन में लाभुकों का फॉर्म भरने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। तो किसी किसी पंचायत में बिजली व्यवस्था बाधित रहने के कारण लाभुकों का ऑनलाइन कार्य नहीं हो सका। दूसरी ओर बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिविरों का जायजा लिया। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू, सांकुल, पालू, कटिया, शाह कॉलोनी, हेसला, पंच मंदिर हनुमान गढ़ी, तालाटांड़, कोतो सहित विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिवालय में शनिवार को शुभारंभ किया गया। जो 10 अगस्त तक आवेदन फार्म निशुल्क ऑनलाइन भरा जाएगा। आवेदन जमा करते समय आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो ,एक आधार से जुड़ा बैंक खाता का पासबुक जो खाता एकल होना चाहिए। जिनका बैंक खाता आधार से जुडा नहीं है वह भी योजना का लाभ दिसंबर 2024 तक उठा सकती हैं।

### बराय पंचायत में मुख्यमंत्री मंइयां समान योजना शिविर का शुभारंभ



**विष्णुगढ़।** झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना पंचायत बराय के शिविर का शुभारंभ प्रमुख जैबुन निशा मुखिया राजेंद्र कुमार मंडल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में उपस्थित काफी तादाद में महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि सेविकाएं मौजूद थी परंतु साइड एवं सर्वर का दिक्कत के कारण एक भी फॉर्म ऑनलाइन करने में सफलता नहीं मिल पाया।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष बने टोनी जैन



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के नेता टोनी जैन को किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने कोषाध्यक्ष पद पर श्री जैन को मनोनीत किया।प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर टोनी जैन ने प्रसन्नता वयक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी हमें दी गई है उसे हम बेहतर निर्वहन का पूरा प्रयास करेंगे।टोनी जैन को नया दायित्व मिलने पर जिला महामंत्री सुमन कुमार ने कहा कि हम लोगों के लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे एक साथी को प्रदेश की टीम ने नई जिम्मेदारी दी है।हमें विश्वास है कि वे इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे।टोनी जैन को नया दायित्व दिए जाने पर बधाई देने वालों में सांसद मनीष जायसवाल,पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, वरिष्ठ नेता केपी ओझा ,महामंत्री सुमन कुमार ,सुनील साहू, दामोदर सिंह, राजेश गुप्ता ,मनमीत अकेला यादव ,इंद्र नारायण कुशवाहा ,आशीष सोनी, साक्षी राणा ,आनंद देव समेत अन्य भाजपा नेता शामिल हैं।

### मंईयां सम्मान योजना के लिए लाभुकों के बीच प्रपत्र वितरण प्रारंभ



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत और आंगनबाड़ी केंद्र में मुख्यमंत्री सम्मान योजना का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं चेचकपी पंचायत में कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया रीता देवी, प्रतिनिधि डेगलाल साव, पंसस सूरजमुनि देवी, वार्ड सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद थे।वहीं योग्य लाभुकों के बीच प्रपत्र वितरण करते हुए मुखिया रीता देवी ने कहा कि झारखंड सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना गरीब और असहाय महिलाओं के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। सभी लोग 10 अगस्त के पूर्व अपना-अपना फार्म आवश्यक रूप से भर दें और इसका लाभ लें। कहा कि वैसे लोग जो इसका लाभ नहीं लेने लायक है वह इस फॉर्म को नहीं भरें। वहीं डेगलाल साव ने कहा कि पंचायत के वैसे लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है जो वास्तव में इसके हकदार हैं। सभी लोगों से समय पर फॉर्म भरवा कार्यालय में जमा किया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

## एक नजर

### पंचायत भवन में मंईयां सम्मान योजना की हुई शुरूआत

**बानो।** पंचायत भवन बानो में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का शुभारंभ जिला परिषद बिरजो कंडुलना, बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा की मुख्यमंत्री ने मंईया सम्मान योजना का शुभारंभ महिलाओं के हित में किया है। इस योजना से झारखंड के मंईया लोगों को आर्थिक सहयोग मिलेगा।इस योजना का लाभ सभी जरूरतमंद महिलाएं लें ।मौके पर बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, पंचायत सेवक रंजीत महतो, तनवीर हुसैन, अरबिंद साहू, सरिता कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

### दो लाख कीमत की लकड़ी को रातों रात काट ले गये तस्कर

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से जमकर बरसात हुई जिस कारण जिनगा, हरली, पेटो, जबरा मे सीसम के बेहद पुराने और कीमती पेड़ सड़क किनारे गिर गये। इन लकड़ी को रात मे ही काटकर लकड़ी कारोबारी ने ठिकाने लगा दिया। इस बारे मे ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय लड़की के कारोबारी रात्रि एक बजे से ही सिसम के पेड़ को साइज के हिसाब से काटकर गाड़ी में लोड कर ले गये। इन लकड़ियों की कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गयी, जबकी कुछ लकड़ियों स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि भी ले गये।

### कांवर यात्रा का ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी से होगी निगरानी: एसडीओ

**झुमरीतिलैया।** सावन की चौथी सोमवारी श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा निकाली जाने वाली 25 वीं कांवर पदयात्रा को लेकर एसडीओ रिया सिंह ने शनिवार को अपने सभागार में बैठक की। प्रशासनिक अधिकारियों और श्री राम संकीर्तन मंडल, अखिल भारतीय श्री पंच निमोर्ही समेत अन्य अखाड़ा के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उनके सुझावों को जाना। बैठक के बाद एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि कांवर पदयात्रा को लेकर झारनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक लगभग 15 किमी के इस यात्रा के लिए प्रशासनिक व्यवस्था चाक-चौबंद रूप से काम करेगी।

### नगर कांग्रेस की बैठक संपन्न, कई निर्णयों पर बनी सहमति

**झुमरी तिलैया।** नगर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक नगर अध्यक्ष प्रभात कुमार राम की अध्यक्षता में आर्यन हॉस्पिटल के निकट स्थित विवाह बैंक्विट हॉल में हुई। बैठक में प्रदेश महासचिव मनोज सहाय पिंकू मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ओबीसी जिलाध्यक्ष संतोष यादव, जिप सदस्य लक्ष्मण यादव व नगर प्रभारी बेबी सिंह उपस्थित थीं। बैठक में राहुल गांधी के द्वारा जारी संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए नगर से काफी संख्या में कार्यकर्ताओं को भाग लेने पर सहमति बनी।

# लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से दो घर हुए क्षतिग्रस्त,मुआवजे की मांग



*बारिश से कई पेड़ गिरे घर पर गिरा आम का बड़ा पेड़, हुआ क्षतिग्रस्त*

*हमारे पुराने रीति रिवाज विशिष्ट संस्कृति से अवगत कराते हैं*

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखंड के ग्राम जोरपोडा में गत शुक्रवार रात्रि से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से रूबेन भेंगरा का घर गिर गया। घटना शनिवार की है घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार दो दिनों से लगातार बारिश होने से जोरपोडा निवासी रूबेन भेंगरा का घर गिर गया।घटना में रुबेन के घर के एक तरफ का दीवार पूरी तरह गिर गया। घर गिरने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वह रहने को विवश हो रहे हैं। वहीं सूचना मिलने पर ग्राम सभा अध्यक्ष राजेश बडाइक ने घटनास्थल का दौरा किया तथा मामले की जानकारी लिया। वहीं रूबेन भेंगरा का घर गिर जाने से उसे रहने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के मुखिया से सम्पर्क कर मुवावजे की मांग की गई है। इधर प्रखंड के पबुड़ा गांव में बारिश से एक पेड़ घर में गिरने से घर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पबुड़ा में विशंभर सिंह के घर में आम का बड़ा पेड़ गिर जाने से घर क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना शनिवार की है। घर पर पेड़ गिरने से घर पर लगे एस्बेस्टस और खपड़ा क्षतिग्रस्त हो गया है। विशंभर सिंह ने मुआवजे की मांग किया है। घटना की जानकारी पबुडा पंचायत के मुखिया को दिया गया है।

# दसवें दिन के मुकाबले में एफसी क्लब ओडिशा 2-0 से रही विजयी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

25वां वीर शहीद अंतरराज्यीय थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट के शनिवार का मैच एफ.सी क्लब ओडिसा बनाम तिर्की एफ.सी रांची झारखण्ड के बीच हुआ। इस खेल में दोनों ही टीम पहले हाफ में बराबरी पर रही। दूसरे हाफ में एफ.सी क्लब ओडिसा की टीम 2-0 गोल मारकर जीत हासिल की ।दसवें दिन के मुकाबले में मुख्य अतिथि शहजादा सरफराज( प्रिंस) हाजी रहे जिनका सिमडेगा कमिटी के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।इसके बाद खेल प्रभारी मोख्तार खलीफा, सुबास महतो, डेनियल मिंज, कंचन कबीर, महामंत्री, रामजी यादव के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय कराया गया। खेल को सफल बनाने में कमिटी के सदस्य आयोजक अध्यक्ष राजेश कु. सिंह, सचिव अमित डुंगडुंग, मिडिया प्रभारी राजेश बड़ाईक आदि सहयोगियों के अहम योगदान रहा। मौके पर मंच संचालन श्याम सुन्दर मिश्रा के द्वारा किया गया। वहीं रेफरी के तौर पर ओड़िसा के राजकुमार पाणिग्रही,जमशेदपुर के मोहन हांसदा और राकेश किस्कु उपस्थित रहे ।मैच के दौरान सदर अस्पताल सिमडेगा से मेडिकल टीम में रानी कुमारी, आशा किंडो, तारीख अंसारी का विशेष योगदान रहा। मौके पर हजारों की संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही।

### बीडीओ व प्रखंड प्रमुख ने दीप जलाकर मंईया सम्मान योजना की शुरूआत की

# यह योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए सहायक सिद्ध होगा



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

शनिवार को प्रखंड के पंचायत सचिवालय में मंईया सम्मान योजना का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, मुखीया संगीता मिंज के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।ज्ञात हो कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत हर महीने 1000 एवं साल में 12000 लाभार्थी को मिलेंगे। इस मौके पर पंचायत सचिवालय में महिलाएं बहनों की काफी भीड़ उमड़ी।इधर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य ने कोरोमियां, ताराबोगा एवं दुमकी पंचायत सभागार में मंईया सम्मान योजना का शुभारंभ किया।मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना ग्रामीण क्षेत्रों में सभी महिलाओं के लिए सहायक सिद्ध होगा, महिलाएं इस पैसे से अपने छोटे-मोटे खर्च का निर्वहन कर सकते हैं। कार्यक्रम में कोरोमियां मुखिया रेणुका सोरेंग भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई मइयां सम्मान योजना से महिलाओं को काफी सहयोग मिल सकती है। इसलिए 21 से 49 वर्ष तक उम्र के सभी महिलाएं इसका लाभ उठाएं । कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रिसिला डुंगडुंग, ताराबोगा मुखिया बालदेव सिंह, दुमकी मुखिया रेशमा डुंगडुंग, वार्ड सदस्य अनिमा टोप्पो, सुनिता सुरीन, प्रेम प्रकाश कुल्लू, उपमुखिया स्तानिसलास मिंज, अलका डुंगडुंग, रेशमा डुंगडुंग, मरियम बिलुंग, एरिक सोरेंग, मिटीर्ना तिर्की, सुसान्ना लकड़ा सहित बी एल ओ एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# जेबीकेएसएस और जेएलकेएम ने क्षेत्रीय प्रभारियों की सूची जारी की




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो विधानसभा चुनाव के लिए प्रोटेम प्रभारीगण की सूची क्षेत्र वायज जारी किया है ।इनमें रामगढ़ जिला से केंद्रीय संगठन महामंत्री व केन्द्रीय कोर समिति सदस्य रवि कुमार महतो को कोल्हान प्रमंडल, जिला कोर कमेटी सदस्य बिहारी महतो को पलामू प्रमंडल तथा जिला कोर कमेटी सदस्य डॉ राजेश महतो को धनबाद, बोकारो, गिरिडीह क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। सभी प्रभारियों को साफ निर्देश दिया गया है की 15 दिनों के अंदर संगठन का जमीनी फीडबैक लेकर लेकर स्क्रीनिंग टीम को रिपोर्ट सौंपेंगे। जिसमें प्रत्याशी का फीडबैक एवं विस्तृत जानकारी के साथ ही प्रस्तुत करेंगे। इन तीनों पदाधिकारियों को विधानसभा चुनाव के लिए प्रोटेम प्रभारी क्षेत्र वाइज बनाये जाने पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करती है। आभार व्यक्त करने में मुख्य रूप से राजेंद्र बेदिया, बेरोजगार पनेश्वर, भारती कुशवाहा, रूपा महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, पंकज महतो, प्रकाश प्रभाकर, प्रभु दयाल महतो, दीपक कुमार महतो, पवन कुमार महतो, संजय महतो, नीतीश कुमार महतो राजेश महतो, लालू प्रसाद, चंदन महतो, भवानी महतो, अनिल महतो, सतेंद्र महतो, निखिल महतो, गोपाल महतो, प्रशांत चौधरी, हीरो महतो विशाल महतो, सहदेव महतो, रविंद्र महतो, सनी महतो आदि शामिल हैं।

# हड़ताली कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के हृदय परिवर्तन के लिए की प्रार्थना




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल में चल रहे अनुसचिवीय कर्मियों ने शनिवार को गिरजाघरों में सरकार के हृदय परिवर्तन के लिये प्रार्थना किया। झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) जिला इकाई सिमडेगा में राज्य नेतृत्व के आवाहन पर 13 दिनों से अपनी 9 सूत्री मांग को लेकर प्रखंड अंचल अनुमंडल सहित जिला मुख्यालय के सभी कर्मी हड़ताल पर डटे हुए हैं। सभी कर्मियों ने सरकार से नारा के माध्यम से कहा है की जब तक 9 सूत्री मांग पूरी होंगी हमलोग किसी भी तरह का समझौता नहीं करेंगे।सरकार का हमारी मांगों के प्रति हृदय परिवर्तन हो इसके लिए सभी कर्मियों ने शनिवार को चर्च में जाकर यीशु के समक्ष प्रार्थना किया। इस दौरान संघ के जिला अध्यक्ष रामनिवास मिश्रा ने कहा कि 9 सूत्री मांग पूरी होने के लिए विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जाकर सरकार के हृदय परिवर्तन के लिए प्रार्थना करेंगे। अगस्त के पहले सप्ताह को हृदय परिवर्तन सप्ताह के रूप में मनाएंगे। कहा कि हमारी सभी मांग जायज है परंतु सरकार इस पर विचार नहीं कर रही है। अन्य राज्यों में लिपिक संवर्ग को सम्मानजनक ग्रेड वेतन तथा पदनाम दिया गया है। वहीं संघ के सचिव संजय कुमार ने कहा की सरकार के अनसुनी रवैया के कारण हम लोग हड़ताल पर बैठे हैं।जिसके कारण सभी सरकारी कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं परंतु संज्ञान लेने वाला कोई नहीं है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो सरकार बेखबर है।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं में आयेगा बदलाव



*21 वर्ष से 49 वर्ष तक की महिलाओं के खाते में हर माह 1000 रुपए के हिसाब से साल में 12000 रुपए भुगतान किए जायेंगे*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत सचिवालय में झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन दुलमी प्रखंड में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथि प्रभारी बीडीओ सह अंचल अधिकारी दुलमी मदन महली, मुखिया चुडगी देवी शामिल हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने योजना के महत्व और उसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का पूर्ण लाभ उठाने का आग्रह किया। 21 वर्ष से 49 वर्ष तक की महिलाओं के खाते में हर माह 1000 रुपए के हिसाब से साल में 12000 रुपए भुगतान किए जायेंगें। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पहल

## करसो में लगा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पहला शिविर

# योग्य लाभुक आंगनबाड़ी केंद्र से नि:शुल्क आवेदन प्राप्त करें : बीडीओ



*671 फॉर्म जमा, सर्वर रहा फेल, नहीं हुई इंट्री, इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष के महिलाओं को राज्य सरकार से प्रति माह 1000 रुपए का अनुदान दिया जाना है*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री सम्मान योजना का बरही प्रखंड के करसो पंचायत भवन से प्रारंभ हुआ. जहां योजना के लिए लगाए गए शिविर में महिलाओ की भीड़ उमड़ पड़ी. प्रखंड के पहले शिविर में 671 आवेदन जमा होने की जानकारी मिली. प्रज्ञा केंद्र संचालक प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि सर्वर फेल होने के कारण एक भी आवेदन इंट्री नहीं किया जा सका है. विदित हो कि इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष के महिलाओं को राज्य सरकार के द्वारा प्रति माह 1000 रुपए का अनुदान दिया जाना है. इसके लिए आवेदिका को आयकर दाता या किसी अन्य सरकारी योजना के तहत पेंशन का लाभुक नही होना चाहिए. साथ ही वोटर कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड और आधार लिंक्ड बैंक खाता होना अनिवार्य है. इस योजना को लेकर 3 से 10 अगस्त तक प्रखंड के सभी पंचायतो में शिविर लगाकर आवेदन प्राप्त किया जाना है. शुक्रवार को लगाए गए शिविर की शुरूआत बीडीओ क्रिस्टिना रिचा इंदवार ने लाभुको को फार्म देकर किया. बीडीओ ने बताया कि योगय लाभुक आवेदन फॉर्म आंगनबाड़ी सेविकाओं से नि:शुल्क ले सकते है. फॉर्म भरकर शिविर में ही ऑनलाइन करने की व्यवस्था की गई है लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण ऑनलाइन नहीं हो सका. शिविर में मुखिया ऊषा देवी, उपमुखिया बालेश्वर यादव, मोहन मिर्धा, सुरेंद्र दास, वार्ड सदस्य रिंकी कुमारी, मेनका देवी, ज्योतिष कुमार, आशा देवी, बबिता देवी, चिंता देवी, उपेंद्र नारायण सिंह, दीपक कुमार, यशोदा देवी आदि उपस्थित थे.

# विधायक ने गरजा पंचायत में मंईयां सम्मान योजना का किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत सिमडेगा प्रखंड के गरजा पंचायत में इस योजना का उद्घाटन विधायक भूषण बाड़ा के द्वारा किया गया।मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि यह योजना राज्य के प्रत्येक जिला में शनिवार के दिन से शुरूआत की गई है।यह झारखण्ड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना के अंतर्गत सभी महिलाओं जिनकी उम्र 21-50 तक है उन्हें उचित सम्मान स्वरुप 1000 दिया जाएगा। यह राशि सीधे बैंक खाते में आएगा जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आए और अपने आप में सशक्त हो और यह योजना निरंतर रूप से सुचारू रूप से जब तक गठबंधन की सरकार है तब तक दिया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रमंडलीय बैठक का आयोजन, संगठन मजबूती पर दिया गया जोर



**सिमडेगा।** भाजपा प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में प्रमंडलीय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विभिन्न सुझाव दिए गए।साथ ही संगठन को मजबूती के साथ चुनाव की तैयारी एवं चुनाव लड़ने की बात कही। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी भाजपा परिवार को साथ मिलकर कार्य करने की बात कही गई।मौके पर उन्होंने कहा कि भ्रष्ट और निकम्मी हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने की दिशा में सभी कार्यकर्ता लगन से लग जाए।जनता को झूठ का सहारा अब नहीं भा रहा है। भाजपा की सरकार राज्य में लाने की चाह जनता की है।जनता इस बार मन बना चुकी है कि राज्य में दुबारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनके रहेंगी।प्रमंडलीय बैठक में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, जिला महामंत्री दीपक पुरी, मुकेश श्रीवास्तव, पूर्व प्रत्यासी श्रद्धानंद बेसरा, पूर्व प्रत्यासी सुजान मुंडा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, किशन मोर्चा हीरा राम, एस टी मोर्चा बसंत नारायण व अनूप प्रसाद उपस्थित थे।

### अल-फलाह सोसायटी ब्लड डोनर्स ग्रुप को रक्त उत्कृष्ट सम्मान से किया गया सम्मानित



**सिमडेगा।** शनिवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा अल-फलाह सोसाइटी ब्लड डोनर ग्रुप के अध्यक्ष खुबैब शाहिद को सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार झारखण्ड विधान सभा सभागार में अल-फलाह सोसाइटी ब्लड डोनर ग्रुप के अध्यक्ष खुबैब शाहिद को रक्त उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा की हमारे राज्य में रक्तदानीयो एवं रक्तदान वीरों को बराबर सम्मान दिया जाएगा। वहीं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा की पुरुष के साथ महिलाएं भी रक्तदान में बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभा रही हैं। मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान दिए जाने के बाद जिले के दोनों विधायकों ने खुबैब शाहिद को बधाई दी।वहीं मौके पर खुबैब शाहिद ने कहा कि इस सम्मान के लिए अल-फलाह सोसाइटी ब्लड डोनर ग्रुप के हर एक सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ।क्योंकि यह सम्मान हर एक कार्यकरता के निस्वार्थ भाव का प्रमाण है।जिस तरह जीने के लिए हर सांस मायने रखती है । उसी तरह जरुरतमंद के लिए रक्त की हर बुंद मायने रखती है।

### वेदव्यास से सिमडेगा कांवर यात्रा में सेवा के लिए बजरंग दल चलंत चिकित्सा सेवा रवाना



**सिमडेगा।** लगातार 25 वर्षों से हो रही उड़ीसा के त्रिवेणी संगम वेदव्यास से लेकर सिमडेगा सरना मंदिर कांवड़ यात्रा की शनिवार को शुरूआत हुई। जहां पर कांवरिया लोगों को चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के उद्देश्य से चलंत चिकित्सा सेवा रवाना हुई।चलंत चिकित्सा सेवा के लिए विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा महावीर चौक सिमडेगा के पास विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा हर हर महादेव की जय घोष के साथ बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के सदस्यों को उड़ीसा के लिए रवाना किया। मौके पर जानकारी देते हुए बताया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी कांवरिया लोगों के बीच चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के उद्देश्य से चलंत चिकित्सा सेवा को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि उक्त चिकित्सा शिविर में जरूरत की सभी प्रकार की दवाई, मरहम-पट्टी सहित सभी मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है ताकि 75 किलोमीटर की लंबी कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी कांवरिया को अगर चोट लगती है या फिर उन्हें चलने में परेशानी होती है तो उन्हें तत्काल वहीं पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं मौके पर उन्होंने कार्य में सहयोग के लिए सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष के अलावा नारायण दास, लहरु सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल, नगर संयोजक मानस प्रसाद,सुमित गुप्ता, बलराम अग्निवेश सहित 40 से अधिक बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुरडेग में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की हुई शुरूआत



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा, अंचल अधिकारी किरण डांग, उप प्रमुख अजय जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ ने उपस्थित लोगो को योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 21 वर्ष से ऊपर और 50 वर्ष से नीचे उम्र के लोगों को मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत हर माह 1000 रुपया का लाभ मिलना है। सरकारी कर्मी ,संविदा कर्मी ,स्थायी कर्मी, मानदेय कर्मी के परिवार के लोग इस योजना में शामिल नही हो सकते हैं। 3 अगस्त से 10 अगस्त तक यह कैम्प मोड में सभी पंचायतों में चलेगा उसके बाद भी लोग प्रज्ञा केन्द्र में जा कर ऑनलाइन करा कर योजना का लाभ ले सकेंगे ।योजना का लाभ लेने के लिए लाभुक आधार कार्ड,राशनकार्ड, वोटर कार्ड, बैंक पासबुक, स्व घोषणा पत्र के साथ शिविर में आकर नि:शुल्क ऑनलाइन करा सकते हैं।ऑनलाइन के लिए सभी पंचायत में वी.एल.ई को नियुक्त किया गया है। मौके पर एक लाभुक को योजना का ऑनलाइन कर पावती स्लिप अतिथियों के द्वारा दिया गया। ऑनलाइन होने पर लाभुक के मोबाईल में कन्फर्मेशन का मैसेज आता है ।जिससे पता चलता है कि मंईया योजना का ऑनलाइन सफलता पूर्वक हो गया है। गौरतलब हो की पूरे प्रखंड में शनिवार को सिर्फ दो लाभुक का ही ऑनलाइन हुआ,पोर्टल का सर्वर ठीक नही होने के कारण घंटो तक ग्रामीणों को इन्तेजार करना पड़ा।

